देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 64 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार–प्रवाह...
समाजवादी आवरण



# पेज थ्री

देहरादून, बृहस्पतिवार, 4 जून 2020



मौसम अधिकतम 33.0° न्यूनतम 19.0°

34109.54

2 कनाडाई पीएम का जवाब वायरल

7 जानता हूं मेरी उपयोगिताः पंड्या

## संक्षिप्त समाचार

### देश में कोविड–19 के मामले बढ़कर 2,07,615

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण के सबसे ज्यादा नए 8,909 मामले सामने आए हैं जिसके बाद कुल संक्रमितों की संख्या बुधवार को 2,07,615 तक पहुंच गई है। वहीं 217 लोगों की मौत के बाद मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 5,815 हो गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि देश में 1,01,497 लोगों का उपचार चल रहा है और अब तक 1,00,302 लोग स्वस्थ हो चुके हैं। वहीं एक व्यक्ति देश से बाहर जा चुका है।

### देश का नाम भारत करने की याचिका खारिज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। देश का नाम इंडिया से बदलकर भारत होने का इंतजार कर रहे लोगों को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने देश का नाम इंडिया से बदलकर भारत करनेवाली याचिका को खारिज किया। कोर्ट ने कहा कि इस याचिका की कॉपी को संबंधित मंत्रालय में भेजा जाए वहीं फैसला होगा।

### उच्च न्यायालय चला रही प्रदेश की सरकारः यूकेडी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** देहरादून। उत्तराखंड क्रांति दल के केन्द्रीय प्रवक्ता सुनील ध्यानी ने कहा है कि भाजपा नीत राज्य सरकार के इन तीन वर्षों में ऐसा लगा कि उच्च न्यायालय नैनीताल सरकार को चला रही है सरकार के गलत फैसले व निष्क्रियता पर उच्च न्यायालय नैनीताल को संज्ञान लेकर लगातार सरकार को चेताती रही है। उच्च न्यायालय द्वारा त्रिवेंद्र सरकार को एक बार पुनः फटकार लगाते हुए इस कोरोना वायरस कोविड 19 महामारी में क्वारंटाइन सेंटरों की अव्यवस्था पर नाराजगी जताते हुए स्पष्ट कहा कि क्वारंटाइन सेन्टरों को जो ग्राम प्रधानों की हवाले किये गए है उनके लिये बजट की व्यवस्था सुचारू करे।

# तूफान आया, तबाही लाया

## महाराष्ट्र में तांडव मचाने के बाद कमजोर होने लगा चक्रवात निसर्ग

एनडीआरएफ की करीब 43 टीमें तैनात

**संवाददाता**

नई दिल्ली। महाराष्ट्र में भीषण तबाही मचाने के बाद चक्रवात निसर्ग कमजोर होने लगा है। मौसम विभाग के अनुसार यह धीरे–धीरे और कमजोर होगा। विभाग के ताजा अपडेट के अनुसार लैंडफॉल की प्रक्रिया दोपहर 12. 30 बजे शुरू हुई और दोपहर 2. 30 बजे पूरी हो गई। समाचार एजेंसी पीटीआइ के अनुसार आइएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि जमीन से टकराने के दौरान हवा की गति 120 किलोमीटर प्रतिघंटा रही। यह तूफान मुंबई के 75 किलोमीटर दक्षिण–पूर्व और पुणे से 65 किलोमीटर पश्चिम में स्थित है। तूफान थोड़ी देर में तूफानी चक्रवात में तब्दील होने के बाद रात तक और कमजोर हो गया।

एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं से चक्रवात के कारण तबाही के कारण लोगों की मदद करने का आग्रह किया। समाचार एजेंसी पीटीआइ के अनुसार पवार ने एक बयान में कहा कि चक्रवात ने सार्वजनिक और निजी संपत्तियों को गंभीर नुकसान पहुंचाया है और एनसीपी कार्यकर्ताओं से कहा है कि वे इस घटना से प्रभावित लोगों की मदद करें। तेज हवा और ज्वार से रत्नागिरी प्रभावित हो गया है।

सूत्रों के अनुसार दमन में चक्रवात 'निसर्ग' के मद्देनजर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने का काम जारी है। एनडीआरएफ की टीम ने राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया है।



### नरीमन प्वाइंट इलाके में पेड़ जड़ से उखड़े

चक्रवाती तूफान निसर्ग के चलते मुंबई में हो रही तेज बारिश और आंधी के बीच नरीमन प्वाइंट इलाके में पेड़ जड़ से उखड़ गए। महाराष्ट्र में चक्रवात के कारण कई जगहों पर भारी नुकसान की खबरें सामने आ रही हैं। छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कोई शाम 7 बजे तक कोई टेक–ऑफ या लैंडिंग नहीं होगी पर शाम तक हवाई सेवा बहाल कर दी गई।

**गुजरात में तूफान के ज्यादा प्रभाव की उम्मीद नहीं**

गुजरात मौसम विभाग के निदेशक जयंत सरकार ने कहा कि गुजरात में निसर्ग चक्रवाती तूफान के ज़्यादा प्रभाव की उम्मीद नहीं है। बुधवार के दिन ही प्रमुख प्रभाव रहा, वो भी महाराष्ट्र और उससे सटे हुए दक्षिणी गुजरात के जिलों तक सीमित रहा।

### भारतीय तटरक्षक दल ने महाराष्ट्र में आठ टीमें भेजी

भारतीय तटरक्षक दल ने चक्रवात निसर्ग के कारण किसी भी मानवीय सहायता और आपदा राहत प्रदान करने के लिए बुधवार को महाराष्ट्र में आठ टीमें भेजी। समाचार एजेंसी एएनआइ के अनुसार तटीय गार्ड के जनसंपर्क अधिकारी ने कहा कि टीमों को दहानू, मुंबई, मुरुद, जंजीरा और रत्नागिरी के तटीय क्षेत्रों में तैनात किया गया था। इसी तरह टीमें गोवा, कर्नाटक और केरल में स्टैंडबाय पर हैं। एनडीआरएफ के महानिदेशक एसएन प्रधान के अनुसार दोनों राज्यों में एनडीआरएफ की करीब 43 टीमें तैनात की गई हैं। चक्रवात के रास्ते से करीब 1 लाख लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया है। हम एक साथ दो खतरों से निपट रहे हैं, महाराष्ट्र खासतौर पर कोरोना वायरस का हॉटस्पॉट है।

## किसानों से लेकर उद्योग जगत तक, केंद्रीय कैबिनेट ने लिए ये छह बड़े फैसले

# किसानों के लिए तीन बड़े निर्णय हुएः जावड़ेकर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। केंद्रीय कैबिनेट ने आत्मनिर्भर भारत पैकेज के तहत खेती–किसानी के लिए हुई घोषणाओं पर आज मुहर लगा दी। केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि किसानों को आवश्यक वस्तु अधिनियम के दायरे से कई कृषि उत्पादों को बाहर करने की घोषणा को कैबिनेट की स्वीकृति मिल गई है। उन्होंने बताया, कैबिनेट मीटिंग में किसानों के लिए तीन बड़े निर्णय हुए। साथ ही, देश में निवेश आकर्षित करने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय हुए और दो निर्णय अलग से भी हुए हैं। जावड़ेकर ने कहा, आवश्यक वस्तु कानून की तलवार ने निवेश को रोका। आज इस अनाज, तेल, तिलहन, दाल, प्याज, आलू– ऐसी वस्तुएं आवश्यक वस्तु अधिनियम के दायरे से बाहर कर दी गईं। अब किसान इनका योजना के अनुसार भंडारण कर सकता है, बिक्री कर सकता है। इससे किसानों को बहुत फायदा होगा।श उन्होंने कहा कि किसानों की ये मांग 50 सालों से थी। आज यह मांग पूरी हो गई है। उन्होंने प्रध ाानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध यक्षता में हुई कैबिनेट मीटिंग के दौरान लिए गए सभी फैसलों की बारी–बारी से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कैबिनेट ने आज छह बड़े निर्णय लिए हैं। उन्होंने बताया...

**1.** किसान अपने उत्पाद कहीं भी बेच सकेगा और उसे ज्यादा दाम देने वालों को उत्पाद बेचने की आजादी मिली है।

**2.** वन नेशन, वन मार्केट की दिशा में भारत आगे बढ़ेगा। इसके लिए कानून बनेगा।

**3.** ज्यादा कीमतों की गारंटी पर एक निर्णय हुआ। अगर कोई निर्यातक है, कोई प्रोसेसर है, कोई दूसरे पदार्थों का उत्पादक है तो उसको कृषि उपज आपसी समझौते के तहत बेचने की सुविधा दी गई है।

**4.** वाणिज्य और उद्योग जगत के लिए। हर मंत्रालय में प्रॉजेक्ट डिवेलपमेंट सेल बनेगी।

**5.** कोलकाता पोर्ट को श्यामा प्रसाद मुखर्जी का नाम दिया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 11 जनवरी को इसकी घोषणा की थी।

**6.** फार्मोकोपिया कमिशन की स्थापना का निर्णय हुआ है। फार्मोकोपिया कमिशन होम्योपैथी ऐंड इंडियन मेडिसिन होगी। गाजियाबाद में आयुष मंत्रालय के दो लैब्स हैं। इन दोनों लैब्स का भी इसके साथ मर्जर हो रहा है।

### केंद्रीय कैबिनेट की तीन दिन में दूसरी मीटिंग

केंद्रीय कैबिनेट की इस हफ्ते यह दूसरी मीटिंग हुई। इससे पहले सोमवार को भी मीटिंग हुई थी जो मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल के दूसरे वर्ष की पहली कैबिनेट मीटिंग थी। उसमें किसानों, एमएसएमई सेक्टर और रेहड़ी–पटरी पर रोजगार से गुजारा करने वालों का जीवन स्तर उठाने को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए थे।



# जैश का आईइडी एक्सपर्ट समेत 3 ढेर

■भारी मात्रा में गोला–बारूद बरामद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

जम्मू। जम्मू–कश्मीर के पुलवामा में सुरक्षाबलों ने तीन और आतंकियों को मार गिराया है। मारे गए तीनों आतंकी जैश ए मोहम्मद के हैं। सुरक्षाबलों ने मंगलवार को कंगन इलाके में आंतकियों के छिपे होने की सूचना मिली थी, जिसके बाद इलाके में घेराबंदी की गई थी। बुधवार को तीन आतंकियों का एनकाउंटर कर दिया गया। एक आंतकी आईईडी एक्सपर्ट है।

सुरक्षाबलों को पुलवामा में कई आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली थी। बुधवार की सुबह सैन्यबलों और पुलिस ने गांवों की घेराबंदी करके आतंकियों की तलाश शुरू की। आतंकियों से सरेंडर करने को कहा गया लेकिन तलाशी के दौरान जब आंतकी घिर गए तो उन्होंने सैन्यबलों पर फायरिंग शुरू कर दी।

आतंकियों की ओर से फायरिंग होने के बाद सैन्यबलों ने गोलियां चलाईं। लगातार चले एनकाउंटर के दौरान तीन आतंकियों को मार गिराया गया। जम्मू कश्मीर पुलिस ने बताया कि मारे गए आतंकियों के पास से भारी मात्रा में गोला–बारूद बरामद हुआ है। आतंकियों के मारे जाने की घटना के बाद इलाके में किसी तरह की अफवाह न फैले इससलिए पुलवामा में फिलहाल इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। पुलिस ने बताया कि तीनों आतंकी जैश ए मोहम्मद से जुड़े हैं।

# हम जंग के लिए तैयारः चीन

चीनी अखबार ने भारत को दी धमकी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पेइचिंग। लद्दाख की गलवान घाटी और पैंगोंग शो झील के आसपास कारगिल की तरह बेहद चालाकी से हजारों की तादाद में सैनिक तैनात करने वाले चीनी ड्रैगन ने अब भारत को सीधी धमकी दी है।

चीन के सरकारी समाचार पत्र ग्लोबल टाइम्स ने कहा है कि लद्दाख डोकलाम नहीं है और हमारी सेना ने भारत से पहाड़ों में जंग लड़ने के लिए पूरी तैयारी कर रखी है। चीन ने कहा कि डोकलाम की घटना के बाद उसने अपने जखीरे में टैंक से लेकर अत्याधुनिक ड्रोन शामिल किया है। ग्लोबल टाइम्स ने चीनी विश्लेषक के हवाले से कहा कि चीन ने अपने हथियारों क जखीरे में टाइप 15 टैंक, जेड–20 हेलिकॉप्टर और जीजे–2 ड्रोन शामिल किए हैं जो उसे पहाड़ों और ऊंचाई वाले इलाकों में युद्ध के दौरान बढ़त दिलाएंगे। टाइप 15 टैंक को पिछले साल ही सेना में शामिल किया गया है।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in